कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला-पाली(राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी : हरि सिंह देवल, आर.ए.एस.
राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2023 / 96
दायरा तिथि : 31.07.2023
आदेश तिथि : 01-08-2023
प्रार्थीगण :-

पदमसिंह, श्रवणसिंह, महेन्द्रसिंह पुत्रगण हमीरसिंहजी जातिगण राजपूत निवासीगण पादरला तहसील बाली

ब ना म

अप्रार्थी :-

राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार बाली

आदेश

दिनांक: 01-08-23

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132, 136 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है:- प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र तहसीलदार बाली की अभिशंषा सहित प्राप्त हुआ। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र में अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि मौजा पादरला मे खसरा नंबर 428/2 रकबा 0.5700 हैक्टर पर पदमसिंह पुत्र हमीरसिंह का कब्जा काश्त है, खसरा नंबर 428/1 पर महेन्द्रसिंह पुत्र हमीरसिंह का कब्जा काश्त है तथा खसरा नंबर 428 पर श्रवणसिंह पुत्र हमीरसिंह का कब्जा काश्त है। जिसमें मौके पर कब्जा अनुसार तरमीम सही नही की गई है जिसे शुद्ध करवाने हेतु निवेदन किया है तथा

इस संबंध में तहसीलदार बाली ने जांच प्रतिवेदन मय पटवारी हल्का की मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा के पेश की है। प्रस्तुत जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के अनुसार नक्शा लटठा में खसरा नंबर 428 में पदमसिंह का हिसा एवं खसरा नंबर 428/1 में श्रवणसिंह का हिस्सा तथा 428/2 में महेन्द्रसिंह का हिस्सा की तरमीम की गई है जो की सही नहीं है। जिसको तहसीलदार बाली एवं पटवारी हल्का पादरला ने त्रुटि स्वीकार करते हुये दुरस्त करने की मांग की है। तथा उक्त खसरे के समस्त तीनों खातेदार शुद्धि हेतु सहमत है। जिसको दुरस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत है।

अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर माफिक रिपोर्ट नक्शे में ग्राम पादरला के खसरा नंबर 428/1 में श्रवणसिंह पुत्र हमीरसिंह, खसरा नंबर 428/2 में महेन्द्रसिंह पुत्र हमीरसिंह तथा खसरा नंबर 428 में पदमसिंह पुत्र हमीरसिंह की तरमीम शुद्धि के आदेश दिये जाते है। आदेश प्रति तहसीलदार बाली व पटवारी हल्का पादरला को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हों।

(हरि सिंह देवल)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी, बाली
बाली (जिला-पाली) राज

न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला-पाली (राज.)

दिनांक : 01-08-23

क्रमांक/कोर्ट/2023/4078

प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थ:-

1. तहसीलदार, बाली
2. पटवारी हल्का, पादरला

उपखण्ड अधिकारी, बाली
उपखण्ड अधिकारी
बाली (जिला-पाली) राज